## सार-समाचार

### सांचौर में अवैध शराब सहित वाहन पकड़ा

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के सांचौर पुलिस ने बुधवार को अवैध राजस्थान निर्मित अंग्रेजी/देशी शराब के कुल 71 कार्टन एवं अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन फॉरच्युनर को जब्त किया। जब्तशुदा अवैध शराब एवं वाहन की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रूपयें आंकी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस विकासकुमार जोधपुर, रेंज जोधपुर के द्वारा रेंज में अवैध मादक पदार्थो/अवैध शराब तस्करी की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे "ऑपरेशन भौकाल" के तहत ज्ञानचन्द्र यादव, जिला पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशानुसार सांचौर थानाधिकारी देवेन्द्रसिह के नेतृत्व में पुलिस मय जाब्ता ने मुखबीर से प्राप्त ईतलानुसार सरहद माखुपुरा मे भारतमाला पर नाकाबंदी कर वाहन फॉरच्युनर रजिस्ट्रेशन को रूकवाने हेतु ईशारा किया तो वाहन चालक वाहन को भगाकर रात्रि होने से अंधेरो का फायदा उठाकर वाहन को छोड़कर भाग गया। वाहन फॉरच्युनर गाडी की तलाशी ली गई जिसमें राजस्थान निर्मित अवैध अंग्रेजी/देशी शराब के कुल 71 कार्टन भरे हुए पाये जाने पर उक्त शराब व वाहन को जब्त कर अज्ञात मुलजिम के विरूध प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान शुरू किया गया है।

### ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाएं बताई

**जालोर, (कासं)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के दौरान जालोर उपखण्ड की बाकरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभान्वित करने के लिए जन सुरक्षा कैम्प का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कैम्प में जिला अग्रणी बैंक, जालोर के मुख्य प्रबंधक रमेश कुमार व आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जालोर के उपनिदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने निरीक्षण किया। जन सुरक्षा कैंप में क्रिसिल फाउंडेशन वित्तीय साक्षरता केंद्र सायला के सेंटर मैनेजर नेमाराम, राजस्थान ग्रामीण बैंक से सहायक प्रबंधक बाबूलाल और जिला अग्रणी बैंक जालोर के असिस्टेंट अर्जुन कुमार उपस्थित रहे। इस कैम्प में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातों में री-केवाईसी पीएम जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों को इन योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में 15 ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और 5 ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जालोर, (कासं)।** बाल विवाह एवं बाल श्रम मुक्त भारत अभियान के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग जालोर के सहायक निदेशक राजीव कुमार सुथार के निर्देशन में चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 द्वारा बाल विवाह एवं बाल श्रम रोकथाम के लिए रेन्बो इन्टरनेशनल स्कूल जालोर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चाईल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा स्कूल के बच्चों एवं कार्मिकों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। टीम द्वारा बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट, गुड टच बेड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चाईल्ड हेल्पलाइन टीम के पर्यवेक्षक ने चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 हर समय बच्चों की सुरक्षा और उनकी मदद के लिए तैयार रहती है जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा शोषण व उत्पीड़न से बचाया जा सकता है। टीम ने बाल विवाह एवं बाल शोषण के शिकार बच्चों की जानकारी होने पर अतिशीघ्र चाईल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर दिये जाने के लिए जागरूक किया। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। जागरूकता कार्यक्रम में जया खत्री, नरेन्द्र कुमार व चाईल्ड हेल्पलाइन की टीम उपस्थित रही।

### दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि कल

**जालोर, (कासं)।** वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। कॉलेज प्राचार्य अर्जुनसिंह उज्ज्वल ने बताया कि प्रवेश की मुख्य मैरिट एवं प्रतीक्षा सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों की सूचियों का प्रकाशन महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड तथा कॉलेज वेबसाईट पर कर दिया गया है। स्नातक प्रवेश नोडल अधिकारी दिनेश कुमार मीणा, सहायक आचार्य ने बताया कि जिन प्रवेशार्थियों का नाम वरियता सूची अथवा प्रतीक्षा सूची में आया है उनके मूल दस्तावेजों का सत्यापन महाविद्यालय में किया जा रहा है तथा ई-मित्र के माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा हो रहा है। दस्तावेजों के सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा करवाने की अन्तिम तिथि 11 जुलाई है। प्राचार्य ने बताया कि सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा नही करवाने वाले प्रवेशार्थियों का महाविद्यालय में प्रवेश नही होगा।

### नोटबुक वितरण कार्यक्रम संपन्न

**सुमेरपुर, (कासं)।** लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर की प्रेरणा और सेवा संकल्पना के तहत स्वर्गीय डिंपल पुत्री लायन नरेंद्र जी जैन की पुण्य स्मृति में भामाशाह मंजू नरेंद्र जैन द्वारा निःशुल्क नोटबुक वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम राजकीय माध्यमिक विद्यालय फतापुरा में विद्यार्थियों को नोटबुक वितरण कर शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिले और उनकी आवश्यकताओं को पुरा कर सके। कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष सीए मुकेश परमार, पंकज अग्रवाल, लॉयन अशोक अग्रवाल, मंजू जैन, नरेंद्र जैन, संगीता जैन, अनिल जैन, अरुणा पालीवाल, हीरालाल पालीवाल सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहे। भामाशाह परिवार कई वर्षों से सामाजिक और शैक्षणिक सेवा कार्यों में सक्रिय हैं। विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने विगत कई वर्षों से विभिन्न सेवा प्रकल्पों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है और क्लब की प्रत्येक पहल में तन, मन, धन से सहयोग करते आए हैं। उनकी सेवा भावना और सहयोगशीलता लायंस क्लब के लिए एक प्रेरणा है।

### जाति प्रमाण पत्र के लिए जारी किए आदेश

**सुमेरपुर, (कासं)।** विद्यालयो में विद्यार्थियों को प्रवेश को लेकर हो जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र होने के बावजूद अभिभावको से नवीन जाति व मूल प्रमाण-पत्र मांगने को लेकर सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओ के लिए आदेश निकाला गया। एसडीओ कुम्हार ने बताया कि विद्यार्थियों के पास वैद्य प्रमाण पत्र होने के बावजूद अभिभावको से नया जाति प्रमाण-पत्र मांगा जा रहा है जिसको लेकर उन्होनें आदेश में बताया है कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र जीवन में एक बार व अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण-पत्र तीन वर्ष के लिए मान्य है। जिसमें से एक वर्ष तक अपने मूल स्वरूप में मान्य है तथा एक से तीन वर्ष की अवधि के मध्य एक निर्धारित प्रपत्र में षपथ पत्र के साथ मान्य है। एसडीओ कुम्हार ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित सुमेरपुर के अधीनस्थ समस्त पीईईओ व निजी षिक्षण संस्थाओ को छात्र-छात्राओं जाति प्रमाण पत्र जारी हो चुका है तो नया के बाध्य नहीं करने के आदेश जारी किए।

### खान श्रमिक की स्कार्पियो ने ली जान

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के 12 मील रिंग रोड पर पत्थर खान श्रमिक को स्कार्पियो चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल श्रमिक की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। उसके भाई की तरफ से स्कार्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि मूलतः केलु मसूदा अजमेर हाल बड़ली पत्थर खान में काम करने वाला श्रमिक शांतिलाल भील खान पर काम खत्म कर अपने घर राजीव गांधी नगर लौट रहा था। तब 12 मील अरणा फांटा रिंग रोड पर किसी स्कार्पियो के चालक ने उसकी उसे चपेट में ले लिया। हादसे में शांतिलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में उसके भाई संवरसिंह ने स्कार्पियो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

### अंत्योदय संबल पखवाड़े का शिविर लगा

**रेवदर, (निसं)।** सिरोही जिले में पादर में मंगलवार के दिन पट्टा वितरण 28, पेंशन सत्यापन, रास्ता विवाद ग्राम बडेची के खसरा नंबर 291 के खातेदारी प्रभु राम भूरा राम रबारी को मौके पर अधिकारियों ने आकर रास्ता खुलवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार नागर ने बताया कि आमजन को इस कैम्प का बहुत लाभ मिला। कैम्प में लोगों ने खाद सुरक्षा के फॉर्म भी जमा करवाए। शिविर प्रभारी हरीश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार नागर,प्रशासक मरगा बाई, कनिष्ठ सहायक भगवत सिंह देवडा, धीरा राम, प्रभु राम, भवर सिंह, प्रवीण कुमार, ई मित्र संचालक दलपत सिंह देवडा सहित सैकडों लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल, कलैक्ट्रेट कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन

**जालोर, (कासं)।** अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ जालोर के आव्हान पर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष धरना एवं प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन भेजा गया।

जालोर जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने कर्मचारियों के विभिन्न घटकों ने उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महासंघ किशनलाल सारण ने की। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री सावला राम चौधरी के अनुसार केंद्रीय श्रम संगठनों की मांगों के समर्थन में एवं केंद्र सरकार की कर्मचारी एवं श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में ट्रेड यूनियन कर्मचारी एवं मजदूरों ने राष्ट्र व्यापी हडताल के मध्य नजर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। धरने एवं प्रदर्शन स्थल पर अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष किशनलाल सारण की अध्यक्षता में विशाल सभा का आयोजन हुआ

ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के नेशनल एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य एवं शिक्षक संघ प्रगतिशील के संरक्षक पूनम चंद बिश्नोई, जिला मंत्री सांवलाराम चौधरी, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील, शेखावत शिक्षक संघ,पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ,पशुपालन संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ, सहायक कर्मचारी संघ, सांख्यिकी कर्मचारी संघ, डेयरी कर्मचारी संघ,आयुर्वेद नर्सेज प्रगतिशील संघ, सहायक विकास अधिकारी संघ,आयुर्वेद परिचारक संघ, पैरा टीचर संघ, प्रयोगशाला संघ, वरिष्ठ अध्यापक शिक्षक संघ व्याख्याता संघ के कर्मचारी नेताओं के नेतृत्व में विशाल धरना दिया। शेखावत संघ संयोजक दलपत सिंह आर्य, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने सरकार को सचेत करते हुए कहा कि कर्मचारियों के प्रति सरकार संवेदनशीलता रखे।

तत्पश्चात कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए हाथों में तख्तिया लेकर धरना स्थल से अस्पताल चौराहे होकर रैली का आयोजन किया गया।रैली इतनी लम्बी थी की एक तरफ धरना स्थल तो दूसरी और का छोर एक किमी लम्बा जिला कलेक्टर कार्यालय तक नारेबाजी से गूंज उठा। कुक हेल्पर से जेठाराम सेन, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिला अध्यक्ष जयकरण खिलेरी, राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रभु राम, पशु चिकित्सा सहायक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सूजाराम, सहायक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष, राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज संगठन एसोसिएशन के रायमल चौधरी, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के हरिराम सारण, राजस्थान वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ, राजस्थान पैरा टीचर संघ , प्रबोधक संघ, डेयरी कर्मचारी संघ,राजस्थान संविदा कर्मचारी महासंघ, राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी संघ सांख्यिकी, राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक संघ, राजस्थान मंत्रालय कर्मचारी संघ एवं राजस्थान पुस्तकालय अध्यक्ष कर्मचारी संघ से जुडे हुए कर्मचारी नेताओं ने विचार प्रकट किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया।

वहीं केंद्रीय मजदूर संगठनों एवं कर्मचारी संघों के आव्हान पर राष्ट्र व्यापी हड़ताल के समर्थन में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा जालोर के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह करणोत के नेतृत्व में बुधवार को जिला कलेक्टर प्रदीप के गवांडे को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपा।

महासंघ प्रवक्ता ने बताया कि मजदूर विरोधी लेबर कोड्स रद्द करने, न्यूनतम वेतन 26000 लागू करने , ठेका प्रथा व निजीकरण बंद करने, अस्थाई व स्कीम वर्कर्स को स्थाई करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, पॉवर बिल व रोड सेफ्टी एक्ट वापस लेने, बढती मंहगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाने , समस्त विभागों के सभी संवर्ग के रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती करने पीएफआरडीए एक्ट रद्द करने , आठवें वेतन आयोग को लागू करने एवं आरजीएचएस में संस्थागत भ्रष्टाचार पर रोक लगाने व कर्मचारियों की सुविधाओं में की गई कटौती को पुनः बहाल करने सहित कर्मचारी महासंघ की ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन देकर इस मांगों को पूरा करने की मांग की गई।

इस मौके पर महासंघ संरक्षक नारायण लाल भट्ट , भोपाल सिंह बाला जिलाध्यक्ष शा. शिक्षक संघ एवं महासंघ उपाध्यक्ष,खेल मंत्री मून सिंह राठौड, वरिष्ठ शा. शिक्षक जोग सिंह राठौड, शहजाद खान जिलाध्यक्ष नर्सेज एसोसिएशन एवं महासंघ सभा अध्यक्ष, ओमाराम सोनेल जिला अध्यक्ष कृषि पर्यावरण संघ एवं महासंघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी नूर मोहम्मद, प्रेम प्रकाश गोदारा वरिष्ठ कृषि पर्यावरण संघ, गोपाल सिंह चौहान पंचायती राज शिक्षक संघ, गोपाल सिंह मंडलावत जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ शेखावत,राधे श्याम तंवर जिला अध्यक्ष सहायक कर्मचारी संघ, भंवर सिंह गहलोत , कैलाश खत्री कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# कई केंद्रीय कार्यालयों में कामकाज प्रभावित

जोधपुर, (कासं)। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में केन्द्रीय संयुक्त श्रमिक संगठनों के आहवान पर बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में हड़ताल रही। विभिन्न मांगों को लेकर केन्द्रीय संयुक्त श्रमिक संगठनों के आहवान पर आज शहर में जुलूस निकाला गया। साथ ही एक सभा भी की। जोधपुर के सभी प्रमुख श्रमिक संगठनों ने इस हड़ताल में भाग लिया।

केन्द्रीय संयुक्त श्रमिक संगठन के अध्यक्ष गोपीकिशन व संयोजक मनोज कुमार परिहार ने बताया कि जोधपुर के सभी श्रमिक संगठनों ने मौजूदा राज्य व केन्द्र सरकारों की श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शिरकत की। इसके तहत नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन कार्यालय से जुलूस निकाला गया जो सहकारी बाजार रोड, सोजती गेट, नई सडक़ चौराहा होते हुए यूनियन मैदान पहुंच कर सभा में तब्दील हुआ। यहां वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि देश में चारों ओर अराजकता का माहौल उत्पन्न हो रहा है, सरकार धर्म के नाम पर हिन्दु मुस्लिमों को आपस में बांटने का कार्य कर रही है। खाने पीने की वस्तुओं के भाव आसमान छू रहे हैं। सरकार गैस सिलेण्डर, पेट्रोल के भावों को कन्ट्रोल करने में पूर्णरूपेण विफल रही है। सरकार ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। सरकार द्वारा रोजगार देना तो दूर, जिन हाथों के पास कार्य है, वहां पर निजीकरण की राह पर चलते हुए ताले लगाने का काम कर रही है।

वर्तमान में रोजाना महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन अपनी ओर से कार्रवाई में हर जगह नाकाम हो रही है। सभा में रेलवे जैसे राष्ट्रीय संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का विरोध किया गया। नए रोजगार, भर्तियां, और आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग की गई, जो जनवरी 2026 से लंबित है। श्रम कानूनों में बदलाव को पूंजीपतियों के पक्ष में बताया गया है, जिससे ट्रेड यूनियन और संगठनों का अस्तित्व खतरे में है। अब तक मजदूरों को आवास मुहैया नहीं कराया गया, जो कि सरकार की जिम्मेदारी है।

आम सभा को भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संघ के जगदीश यादव, राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलॉइज यूनियन के संयोजक राजन गहलोत, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन के मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र व्यास, आरएमएसआरयू राज्य संयुक्त सचिव प्रीतम सिंह पंवार, जोधपुर पलम्बर यूनियन के अध्यक्ष राजा, जोधपुर कमठा मजदूर यूनियन के सचिव रशीद, इन्टक के राजेन्द्र सिंह सोलंकी, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन की कार्यशाला शाखा के मदनलाल गुर्जर, जोधपुर मैन शाखा के परमानन्द गुर्जर, सीटू जिला सचिव महिपाल सिंह ने भी सभा को सम्बोधित किया। जुलूस में केन्द्रीय संयुक्त श्रमिक संगठन के एनडब्ल्यूआरईयू, एचएमएस, एटक, एआईसीटीयू, इंटक, सीआईटीयू, आर.सीटू, बैंक यूनियन, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# गुरू पीठों व आश्रमों में दिन भर होंगे कार्यक्रम

**जोधपुर, (कासं)।** सनातन धर्म संस्कृति व साधक जीवन का मुख्य पर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरुवार को श्रद्धा व भक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान जिले की विभिन्न सम्प्रदाय की प्रमुख गुरुपीठों एवं आश्रमों में व्यास पीठ पूजन व धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

तख्त सागर की पहाडिय़ों में संतों की तपोभूमि सिद्धनाथ में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा मेला बुधवार को रामायण पाठ से शुरू हो गया,जिसकी पूर्ण आरती दस जुलाई को सुबह दस बजे होगी। श्री दादा दरबार नेपाली बाबा सिद्धनाथ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरु परम्परा एवं अध्यात्मिक एवं वैद पाठी बाह्मणों द्वारा विधि विधान के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। श्री दादा दरबार के महंत मुनेश्वर गिरी महाराज के सान्निध्य में सुबह 5.15 बजे, श्री सद्गुरू नारायण प्रभु और नेपाली दादा की मंगला आरती के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी। तत्पश्चात श्रीगणेश पूजन, श्रीगुरु पादुका पूजन, रुद्राभिषेक, श्री सेनापति आत्मानंद गिरी और ऋषिगिरि महाराज और अन्य संतों का पूजन एवं दादा दरबार के जैकारे के साथ श्रृंगार आरती की जाएगी। शाम को महाप्रसादी का आयोजन होगा।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शास्त्री नगर सेक्टर बी स्थित दुर्गा मन्दिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। यहां पंडित महेंद्र व्यास के सानिध्य में कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रमों के तहत शाम पांच बजे पादूका पूजन, शाम छह बजे आरती, प्रसादी व कीर्तन होगा। सैन भक्ति पीठ मुख्यालय बाबा रामदेव मंदिर राइका बाग में सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। यहां दस जुलाई को सुबह दस बजे से गुरु पूजन होगा। सूरसागर स्थित बड़ारामद्वारा में गुरु पूर्णिमा उत्सव दस जुलाई को सुबह महन्त संत रामप्रसाद महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। जूना रामद्वारा चांदपोल में रामस्नेही संत अमृतराम के सान्निध्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।

कमला नेहरू नगर क्षेत्र के समन्वय धाम में गुरुपूर्णिमा सुबह नौ बजे से मनाया जाएगा। परिसर के शिवालय में अभिषेक व सुंदरकाण्ड पाठ के बाद सुबह 11.30 बजे संत सत्यमित्रानंद चरण पादूका पूजन होगा। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर के नेतृत्व में नर्सिंग अधिकारी यूटीबी संवर्ग द्वारा गुरु पूर्णिमा पर दस जुलाई को सवा मणी और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## आर्ट्स की विशेष कक्षाओं का शुभारंभ होगा

**जालोर, (कासं)।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुबोध क्लासेस जालौर में आर्ट्स संकाय के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी माध्यम से विशेष कक्षाओं की शुरुआत की जा रही है।

संस्था के निदेशक किशोर राजपुरोहित ने बताया कि विज्ञान और वाणिज्य कक्षाओं के सफल संचालन के बाद अब कला वर्ग में 11वीं और 12वीं के आर्ट्स के अंग्रेजी साहित्य , भूगोल, इतिहास, अर्थ शास्त्र , विषयों की गहन तैयारी कराई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन कोर्स की भी तैयारी करवाई जाएगी जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त कर सकें। राजपुरोहित ने बताया कि यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी जो अंग्रेजी माध्यम से आर्ट्स की पढाई करना चाहते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई।

# परशुराम महादेव को पैदल यात्रा पर चर्चा की

**जोधपुर, (कासं)।** बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा को लेकर जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान की बैठक आज़ शंकरलाल कच्छवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में 19 जुलाई से होने जा रही पैदल यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव प्रमोद कुमार सांखला ने यात्रा को लेकर अब तक की गई तैयारियों ब्यौरा पेश किया।

प्रवक्ता जयसिंह कच्छावाहा ने बताया कि 28 वर्षों से जोधपुर से परशुराम महादेव तक पैदल यात्रा निकाली जा रही है। संस्थान द्वारा प्रकाशित पत्रक की पहली प्रति भगवान परशुराम महादेव को समर्पित कर आमंत्रण करने के बाद अब घर घर जाकर भक्तों को पत्रक देकर यात्रा का निमंत्रण दिया जा रहा है।

कच्छावाहा ने बताया कि 19 जुलाई को शाम छह बजे शिव मन्दिर बनावता का बेरा, चैनपुरा से संघ के अध्यक्ष शंकरलाल कच्छवाहा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा। यह शोभायात्रा विभिन्न मांगों से होते हुए लाल सागर स्थित हनुमानजी के मन्दिर पर पहुंचेगी। यहां रात्रि को भक्ति संगीत संध्या का आयोजन रखा गया है।

इस भजन संध्या में राजस्थान के तीन दर्जन से अधिक कलाकार शिरकत करेंगे। इसके बाद 20 जुलाई को सुबह चार बजे लाल सागर से पैदल यात्रा आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

आज की बैठक में अध्यक्ष शंकर लाल कच्छावाह,उपाध्यक्ष पुखराज गहलोत, कोषाध्यक्ष जयसिंह कच्छावाह, मेला अधिकारी शिव सिंह कच्छवाहा,मेला संयोजक सुरेन्द्र सिंह चौहान, सचिव प्रमोद कुमार सॉखला, पवन सांखला ,हरिनंदन कच्छवाह, जयदिप कच्छवाह, अनुराग सॉखला, दिनेश सोलंकी, महेन्द्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

## संत लिखमीदास का जन्मोत्सव मना

**जालोर, (कासं)।** जालोर में मंगलवार शाम को माली समाज के आराध्य संत लिखमीदास महाराज का जन्मोत्सव संत लिखमीदास मंदिर माली समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष सुरेश सुंदेशा की अध्यक्षता में मनाया गया ।

कार्यक्रम संयोजक हुकमीचंद सोलंकी, सह संयोजक रतन सांखला ने बताया मंगलवार सुबह 10 बजे मंदिर पर कॉलोनी वासियों द्वारा ध्वजा चढ़ाई। ध्वजारोहण के बाद महाआरती हुई। मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयघोष से गूंज उठा। दोपहर में महिला सत्संग का आयोजन कियां शाम को एक शाम लिखमीदास महाराज के नाम भजन संध्या में भजन गायक जगदीश माली एंड पार्टी के द्वारा गुरू महिमा, संत लिखमीदास की जीवन कथा, सहित भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात तक श्रद्धालु लिखमीदास महाराज के भजनों पर झुमते नजर आए, वहीं संस्थान द्वारा भामशाओ को बहुमान किया गया ।

ठाकुरद्वारा अध्यक्ष भोमाराम सुंदेशा, सेवा संस्थान अध्यक्ष सीए नितिन सोलंकी, ओटाराम सुंदेशा, मदन चेतन, प्रकाश, विक्रम ,छगन सुन्देशा, तेजाराम, नारायण, पुखराज, गुलाब, रमेश, ईश्वर, मंगलाराम, दिनेश महावर, रामाराम, लक्ष्मणसिंह समेत माली समाज के लोग मौजूद रहे।

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**जालोर, (कासं)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की 37वीं बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट की समीक्षा कर नर्मदा परियोंजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को लक्ष्यानुसार अधिकतम मासिक नल कनेक्शन जोड़ने तथा पीएचईडी परियोजना के अधिशासी अभियंताओं व सहायक अभियंताओं को मासिक एफएचटीसी लक्ष्य आंवटित कर प्रति माह प्रगति की समीक्षा किये जाने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने नर्मदा के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को एफआर व ईआर प्रोजेक्ट के पाईपलाईन संबंधित बकाया कार्यो को शीघ्र पूरा करने के लिए संवेदकों से टीमे बढ़ाये जाने की बात कही। उन्होंने एफआर प्रोजेक्ट के संवेदक की प्रगति समीक्षा के दौरान पाईपलाईन टेस्टिंग कार्य अगस्त माह तक पूरा करने तथा सप्लाई प्राप्त डीआई व एचडीपीई पाईपलाईन को बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर ने ईआर प्रोजेक्ट समीक्षा कर नर्मदा परियोजना खण्ड भीनमाल के अधिशासी अभियंता बलवीर सैनी को भूमि आवंटन के प्रस्ताव की सूची तैयार कर अगली साप्ताहिक बैठक में उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अभी तक शेष 75 ग्राम पंचायतों से नल जल मित्रों के प्रशिक्षण के अभ्यर्थियों की प्रस्ताव सूची पीएचईडी को उपलब्ध कराने के लिए जिला परिषद की अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार को निर्देशित किया। शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पेयजल विहीन विद्यालयों एवं वंचित आंगनवाडियों में नल कनेक्शन जोड़ने के लिए पीएचईडी परियोजना विभाग को निर्देश दिए। बैठक में डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, वृत जालोर संजय शर्मा ने पूर्व बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी दी ।

बैठक में डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता एन.एल. सुथार, आरसीएचओ डॉ. राजकुमार बाजिया, शिक्षा विभाग से नवीश माथुर मीना, कृषि विभाग की सहायक निदेशक जया श्रीमाली, जल संसाधन विभाग की सहायक अभियंता कीर्ति सुन्देशा, जिला परिषद से कुलवंत कालमा, भूजल विभाग से गणपतलाल, अधिशासी अभियंता खण्ड भीनमाल हेमन्त वैष्णव, अधिशासी अभियंता खण्ड जालोर एसबी बैरवा व राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशासी अभियंता एवं त.स. परियोजना दिलीप गोपलानी, अधिशासी अभियंता नर्मदा नहर सांचौर से अनिल कुमार व नितीन जैन, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड जालोर धर्मचंन्द सोनी, परियोजना सहायक अभियंता जितेन्द्र कुमार, बीएन शर्मा, दिगम्बर सिंह, विपूल टांक, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, आईएसए से कैलाश शर्मा, टीपीआई जेजेएम से बी.एस.यादव तथा पीएचईडी परियोजना के संवेदकगण इत्यादि उपस्थित रहे।

# दूरबीन से जटिल सर्जरी की

**जोधपुर, (कासं)।** महात्मा गांधी चिकित्सालय के आर्थोपेडिक यूनिट-सी के चिकित्सकों द्वारा कलाई के जोड़ के लिगामेंटश का दूरबीन विधि द्वारा दो जटिल आपरेशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है।

हाल ही में भोपालगढ़ निवासी युवक आदित्य एवं नागौर निवासी राधिका (बदले हुए नाम) कलाई के जोड़ में चोट लगने के परिणामस्वरूप् लंबे समय से दर्द से पीड़ित थे। उक्त मरीज के परिजनों ने यूनिट प्रभारी सीनियर प्रोफेसर डॉ. महेश भाटी एवं सहायक आचार्य डॉ. मुकेश सैनी से परामर्श लिया और जाँचों के उपरान्त इनको लिगामेंट का टूटना पाया गया। उक्त मरीजों का आपरेशन स्मॉल जॉइंट आथ्र्रोस्कोपी द्वारा सफलतापूर्वक डॉ. महेष भाटी एवं डॉ. मुकेश सैनी द्वारा राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत निःशुल्क किया गया। सर्जरी टीम में एनेस्थेसिया सह-आचार्य डॉ. अभिलाषा थानवी एवं रेजीडेट चिकित्सक डॉ. घनषश्याम, डॉ. शैलेष, स्टॉफ मीनाक्षी, खुशबू, अकरम व शाहनवाज का सहयोग रहा। चिकित्सकों के अनुसार पश्चमी राजस्थान में कलाई के आथ्र्रोस्कॉपी के इस प्रकार ये पहले आपरेशन है। आपरेशन उपरांत मरीज पुर्णतया स्वस्थ हैं। आर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ. किशोर रायचंदानी ने बताया कि विभाग में सभी जोड़ों के जटिल एवं दुर्लभ आपरेशन एवं इम्प्लांट्स सुगमता से निःशुल्क उपलब्ध है। महात्मा गांधी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी एवं मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी.एस. जोधा ने इस उपलब्धि पर संपूर्ण अस्थि रोग विभाग को बधाई प्रेषित की।

## प्रदर्शन किया

**सांचौर, (कासं)।** अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संगठन, मजदूर यूनियन द्वारा अपनी मांगों को लेकर भारत बंद के आव्हान पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा सांचौर मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया।

जिला मंत्री कैलाश डउकिया ने बताया कि एडीएम कार्यालय सांचौर के सामने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध सभी घटक- संगठन से जुड़े लोग मौजूद रहे।


**आम सूचना**

श्री रमेश कुमार प्रजापति पुत्र श्री वेलाजी, जाति प्रजापति निवासी थॉवला का एक खरीदसुदा, कब्जासुदा, मालिकाना हक का प्लॉट संख्या 271 / 272 कुल क्षैत्रफल 1800 वर्गफीट गुरु राजेन्द्र नगर में आया हुआ है । जिसको मैने लीला पत्नि भंवर सिह राजपूरोहित, निवासी भिण्डर से दिनांक 03.05.2018 को खरीद किया था तथा उक्त भुखण्ड का मूल पट्टा राजेन्द्र गृह सहकारी समिती आहोर द्वारा पट्टा संख्या 187 दिनांक 24.01.1985 का चम्पालाल पुत्र सोनाजी राव निवासी आहोर के नाम से जारी किया गया । उक्त भुखण्ड खरीद के समय समस्त दस्तावेज लीला देवी ने मुझे सुपुर्द कर दिये थे । जिसमें से पट्टा संख्या 187 दिनांक 24.01.1985 जालोर रेलवे स्टेशन पर विजयवाडा से आते समय गुम हो गया जिसे ढुढने के पश्चात् भी मुझे आज दिन तक नही मिला है । जिसकी गुमशुदगी राजस्थान पुलिस में क्रम संख्या 2824085 / 2025 दिनांक 09.07.2025 को दर्ज की गयी है । यदि उक्त पट्टा किसी व्यक्ति विशेष को मिला हो तो अध्योहस्ताक्षरकर्ता को सम्पर्क करावे । इति दिनांक 09.07.2025 .

अभिनव सुथार अधिवक्ता


# चौधरी ने पौधारोपण का महत्व बताया

**पाली,(नि.सं.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संवद्धर्न व प्रकृति व जल की आवक के लिये पौधारोपण आवश्यक आवश्यक है आने वाली पीढी को हम विरासत देकर जाये और अधिक से अधिक पौधरोपण करें । मंत्री चौधरी आज बुधवार को पाली जिले के रोहट के जैतपुरा में आयोजित मोहनलाल सायरचंद कवाड़ चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे।

इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने भी सम्बोधित किया और पौधारोपण के महत्व के बारे में बताया और पौधरोपण करने पर बल दिया। कार्यक्रम को पूर्व सांसद पुष्प जैन ने और सुनील भंडारी ने सम्बोधित किया और वन्दे गंगा पखवाडा व योजनाओं और हरियालो राजस्थान की जानकारी दी।

साथ ही आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, फेकारिया में अमृता देवी विश्नोई वाटिका के तहत 363 खेजड़ी पौधों का वृहद पौधारोपण कार्यक्रम मोहनलाल सायरचंद कवाड़ चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रेरणा से आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एल. एन. मंत्री ने सम्बोधित किया और कहा पौधा लगाना पुण्य का कार्य है जिससे कि हमे अनेक लाभ प्राप्त होते है। उन्होंने अमृता देवी के वृक्ष प्रेम से प्रेरणा लेकर कार्य करने के लिये आह्न किया। कार्यक्रम को सुनील भंडारी व अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सोहनलाल कवाड़ (कवाड़ चौरिटेबल ट्रस्ट), शांतिलाल कवाड व एडवोकेट नंदकिशोर बंसल, विक्रमसिंह विश्नोई विशिष्ट , फगलूराम विश्नोई, आदि उपस्थित रहे।

वहीं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में जनस्वाथ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने पाली जिले में सभी ब्लॉक के बारे में जल उपलब्धता, वितरण, व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अवैध जल कनेक्शन पर कार्रवाई के लिये कहा। साथ ही जल से जुडी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और बकाया का समयबद्ध रूप से पूरे करने के निर्देश दिये। जहां पेयजल से सम्बधित समस्याये है उनका निराकरण करेंगे।

उन्होंने जल की विभिन्न योजनाओं जल जीवन मिशन के बारे स्वीकृत कामों, बकाया कामों, अमृत 2.0 आदि के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में मारवाड विधायक केसाराम चौधरी ने मारवाड जंक्शन व सोजत विधायक शोभा चौहान ने अपने क्षेत्र की बात को रखा।

इस अवसर पर पाली पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने व पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने जिले व ब्लॉक के कामों वर्तमान स्थिति व प्रगति की जानकारी दी।

इस अवसर जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू चौधरी, पाली पंचायत समिति प्रधान मोहिनी देवी, प्रोजेक्ट पीएचईडी जोधपुर देवराज सोंलकी, एसई पीएचईडी पाली मनीष माथुर, विभिन्न ब्लॉक के एक्सईन, एईन सभी अन्य संबधित विभागों बिजली, भूजल विभाग के अधिकारी कार्मिक, सुनील भंडारी, पुखराज पटेल, आदि मौजूद रहे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

No. - Comml/E-auction/2025/30 Date: 07.07.2025

उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा चुके है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्य की अवधि | | कैटरिंगः- 5 वर्ष | |
| 2. | लोट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि व समय | | दिनांकः- 21.07.2025 समयः- 15:00 बजे से | |
| 3. | स्टेशन | PF | स्थान | श्रेणी |
| (i) | सुजानगढ़ | 1 | Center of Platform | GMU-General (W) |
| (ii) | सुजानगढ़ | 1 | Toward RTGH end | GMU-General (N) |
| (iii) | रानीवाडा | 1 | At Center of platform & near station building | GMU-General (N) |
| (iv) | नागौर | 2 | On MTD side (2nd from MTD end) | SMU ST (N) |
| (v) | नोखा | 1 | On BKN Side (1st from BKN end) | SMU-SC (N) |
| (vi) | जालौर | 1 | At Center of platform & near station building | SMU-OBC (N) |

NWRailways 810-CR/25